हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

06 23.30 लाख राशि की आर्थिक अनियमितता...

07 विभाग प्रचारक मनोज ने हिंदुओं को एकजुटता...







## खबर संक्षेप

### शांति समिति की बैठक का आयोजन 10 को

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में आगामी महाशिवरात्री, होली, रंगपंचमी, गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्री, चेती चांद, ईद-उल-फितर, श्रीराम नवमी, महावीर जयंती, हनुमान जयंती, गुड फ्रायडे, डॉ अम्बेडकर जयंती, परशुराम जयंती, बुद्ध पूर्णिमा, ईदुज्जुहा और मोहर्रम आदि त्यौहारों को शान्ति पूर्वक मनाये जाने के उद्देश्य से 10 फरवरी को दोपहर 03 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है।

### श्रमोदय आवासीय प्रवेश परीक्षा 8 को होगी

**सीहोर।** मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जिला उत्कृष्ट व मॉडल स्कूल एवं श्रमोदय आवासीय प्रवेश चयन परीक्षा 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा 8 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजे से शुरू होगी और दोपहर 1 बजे तक चलेगी। श्रमोदय आवासीय प्रवेश परीक्षा में कुल 2 हजार 870 विद्यार्थी एवं जिला उत्कृष्ट/मॉडल स्कूल प्रवेश परीक्षा में 80 हजार 699 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में कुल 386 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि सभी परीक्षार्थी समय रहते अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें तथा निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हों।

### न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**सीहोर।** जिले में बुधवार को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को भी तापमान इतना ही रहा। इससे पहले सोमवार को न्यूनतम तापमान 14 डिग्री था, यानी दो दिनों में 3 डिग्री की गिरावट आई है। जिला मुख्यालय में मौसम साफ रहा, लेकिन नर्मदा नदी के किनारे बसे ग्रामीण इलाकों में सुबह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण कई जगहों पर दृश्यता घटकर करीब 50 मीटर तक रह गई, जिससे सामने की चीजें भी साफ दिखाई नहीं दे रही थीं। फरवरी की शुरुआत में फिर बढ़ी ठंड : फरवरी के पहले सप्ताह में जिले में एक बार फिर शीतलहर का असर देखने को मिल रहा है। सुबह और रात के समय ठंड ज्यादा महसूस की जा रही है, खासकर ग्रामीण इलाकों में। शासकीय कृषि कॉलेज स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट हो सकती है। घना कोहरा भी बना रह सकता है। उन्होंने कहा कि हवा की दिशा बदलने के कारण मौसम में बार-बार बदलाव हो रहा है और आसमान में हल्के बादल भी दिखाई दे सकते हैं।

# कोठरी स्थित वीआईटी में 'मिनी इंडिया' की झलक, विवादों के बाद व्यवस्थाएं हुई चाक-चौबंद, विद्यार्थियों में बढ़ा संतोष

### कैंपस में मौजूद हैं हर प्रांत के छात्र, प्लेसमेंट और आधुनिक पढ़ाई पर विशेष ध्यान

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के पास कोठरी में स्थित वीआईटी यूनिवर्सिटी आज देश भर के युवाओं के लिए शिक्षा का बड़ा केंद्र बनकर उभरी है। पिछले दिनों में सुविधाओं को लेकर सामने आए विवाद के बाद प्रबंधन खास सतर्क और अलर्ट हो गया है। प्रबंधन अब हर छोटी-बड़ी व्यवस्था पर पैनी नजर रख रहा है, जिससे कैंपस के हजारों छात्र-छात्राओं में आत्म-संतोष है।

वीआईटी कोठरी की सबसे बड़ी खूबसूरती यहां की विविधता है। वर्तमान में यहां लगभग 10 से 15 हजार छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर रहे हैं।

यहां केवल मध्य प्रदेश के ही बच्चे नहीं हैं, बल्कि उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा सहित दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु जैसे राज्यों से भी बड़ी संख्या में छात्र यहां शिक्षा लेने आते हैं। अलग-अलग राज्यों और संस्कृतियों के छात्र होने की वजह से पूरे कैंपस में एक 'मिनी इंडिया' जैसा माहौल रहता है, जहां छात्र आपस में मिलकर नई चीजें सीखते हैं।




#### क्यों है यह छात्रों की पहली पसंद?

देश भर के छात्र इस यूनिवर्सिटी को इसलिए पसंद कर रहे हैं क्योंकि यहां की फैकल्टी और पढ़ाई का तरीका अंतरराष्ट्रीय स्तर का है। संस्थान का दावा है कि यहां शत-प्रतिशत शिक्षक पीएचडी होल्डर हैं। यहां की कैल्टेक लर्निंग तकनीक छात्रों को किताबी ज्ञान के बजाय प्रैक्टिकल नॉलेज पर ज्यादा जोर देती है। इसके अलावा यहां छात्रों को अपना टाइम-टेबल और पसंदीदा टीचर खुद चुनने की आजादी मिलती है, जो इसे अन्य कॉलेजों से अलग बनाता है। यहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी और डेटा साइंस जैसे आधुनिक कोर्स संचालित किए जा रहे हैं।

#### बेहतर सुविधाओं पर प्रबंधन का जोर

बीते दिनों हुई कुछ घटनाओं से सीख लेते हुए प्रबंधन अब हॉस्टल, मेस और सुरक्षा व्यवस्थाओं को और अधिक हाईटेक और सुविधाजनक बनाने में जुट गया है। लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग आधुनिक हॉस्टल ब्लॉक बनाए गए हैं। यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट का कहना है कि उनकी प्राथमिकता छात्रों को विश्वस्तरीय अनुभव देना है, जिसके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर पर लगातार काम चल रहा है।

#### करोड़ों का पैकेज और शानदार प्लेसमेंट

प्लेसमेंट के मामले में वीआईटी भोपाल ने इस पूरे क्षेत्र में अपनी धाक जमा रखी है। यहां के छात्रों को वेल्लोर कैंपस के साथ मुख्य प्लेसमेंट प्रक्रिया में बैठने का मौका मिलता है, जिससे बड़ी-बड़ी कंपनियों तक उनकी पहुंच आसान हो जाती है। सत्र 2024-25 के आंकड़ों पर नजर डालें तो यहां के होनहार छात्रों को 50 लाख से लेकर 1 करोड़ रुपए तक के सालाना पैकेज ऑफर हुए हैं। माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन, इंटेल और एडोब जैसी नामी कंपनियां यहां से हर साल प्रतिभाओं का चयन करती हैं। औसतन यहां के छात्रों को 8 से 9 लाख रुपए का पैकेज आसानी से मिल जाता है।

### पुलिस को देखते ही भगदड़ मच गई, माफिया वाहनों को लेकर भागने की कोशिश करने लगे

# कार्रवाई से रेत माफिया में मचा हड़कंप डंपर और जेसीबी सहित 6 वाहन जब्त

### खनन माफिया के लिए चारागाह बनी पार्वती नदी, खनिज विभाग के अफसर बेखबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

क्षेत्र की जीवनदायिनी कही जाने वाली पार्वती नदी इन दिनों रेत माफियाओं का चारागाह बनी हुई है। संबंधित खनिज विभाग की उदासीनता का फायदा उठाकर माफिया रात-दिन नदी का सीना छलनी कर रहे हैं। सोमवार की बीती रात अहमदपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अवैध उत्खनन में लगे आधा दर्जन वाहनों को पकडऩे में सफलता हासिल की है।

जानकारी के अनुसार अहमदपुर थाना प्रभारी और उप पुलिस अधीक्षक हेमंत पांडे सोमवार रात अपनी टीम के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था का जायजा लेने के लिए रात्रि गश्त पर निकले थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि पडिय़ाला गांव के पास पार्वती नदी में अवैध रूप से रेत निकाली जा रही है, जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वहां का नजारा देख दंग रह गई। अंधेरे का फायदा उठाकर माफिया धड़ल्ले से काली रेत का उत्खनन कर रहे थे।

#### घेराबंदी कर पकड़े वाहन

पुलिस को देखते ही मौके पर भगदड़ मच गई। खनन माफिया अपने वाहनों को लेकर भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस बल ने सक्रियता दिखाते हुए उनकी घेराबंदी कर ली। कड़ी मशक्कत और जद्दोजहद के बाद पुलिस ने मौके से एक डंपर, चार ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक जेसीबी मशीन को अपने कब्जे में लिया। इन सभी 6 वाहनों को जब्त कर अहमदपुर थाने में खड़ा करवा दिया गया है।



पुलिस ने मामले की विधिवत सूचना खनिज विभाग के अधिकारियों को दे दी है।

#### खनिज विभाग पर उठे सवाल

पुलिस की इस कार्रवाई ने खनिज विभाग की भूमिका को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध उत्खनन जारी है, लेकिन विभाग की चुप्पी समझ से परे है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या विभाग को इस उत्खनन की जानकारी नहीं थी या फिर यह सब सांठगांठ से चल रहा था। अब क्षेत्र की जनता की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि खनिज विभाग इन माफियाओं पर एफआईआर दर्ज कराता है या फिर जुर्माना लगाकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देता है।

#### खनिज विभाग को सूचित कर दिया है

रात्रि गश्त के दौरान जब हम पडिय़ाला गांव के पास पहुंचे तो पार्वती नदी में कुछ लोग अवैध उत्खनन करते नजर आए। हमने घेराबंदी कर मौके से एक डंपर, चार ट्रैक्टर और एक जेसीबी मशीन जब्त की है। हमने खनिज विभाग को सूचित कर दिया है, अब आगे की कार्रवाई उन्हीं के निर्णय पर निर्भर है।

**हेमंत पांडे,** थाना प्रभारी अहमदपुर

### रिश्तों की हार, कानून की जीत
### जिस बेटे को पाल-पोसकर बड़ा किया, उसी से खर्चे के लिए लड़नी पड़ी कानूनी जंग

**सीहोर।** जिस मां ने अपना पूरा जीवन बेटे के भविष्य के लिए समर्पित कर दिया, आज उसी मां को दो वक्त की रोटी और सम्मान के लिए कानून का दरवाजा खटखटाना पड़ा। यह हृदयविदारक मामला शहर के लुनिया मोहल्ला गंज का है, जहां एक बुजुर्ग विधवा मां शांताबाई को अपने इकलौते बेटे से भरण-पोषण पाने के लिए एसडीएम न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। बुजुर्ग शांताबाई का इकलौता पुत्र विनोद ग्राम गोपालपुरा में मां की ही स्वामित्व वाली भूमि पर खेती करता है। जमीन से होने वाली पूरी कमाई बेटा रख लेता है, लेकिन जिस मां ने उसे इस काबिल बनाया, उसी के भरण-पोषण से उसने पल्ला झाड़ लिया। थक हारकर बुजुर्ग मां ने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम के तहत गुहार लगाई।

#### एसडीएम का संवेदनशील फैसला

एसडीएम तन्मय वर्मा ने इस मामले को न केवल प्रशासनिक नजरिए से देखा, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को प्राथमिकता दी। सुनवाई के दौरान जब बेटा अपनी जिम्मेदारी निभाने का कोई ठोस प्रमाण नहीं दे सका, तो एसडीएम न्यायालय ने मां के पक्ष में फैसला सुनाया। कोर्ट ने आदेश दिया कि बेटा हर महीने 1500 रुपए भरण-पोषण राशि सीधे मां के बैंक खाते में जमा कराएगा।

### कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गाडरवारा में गौशाला निर्माण किए जाने और सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध के अवसर पर कही।

# स्मार्ट मीटर से बिजली चोरी पर शिकंजा: एक माह में 253 अलर्ट सर्वर तक पहुंचे, जांच में जुटी विद्युत कंपनी

**सीहोर।** नगर में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटर अब बिजली चोरी पकड़ने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। एक माह के भीतर 253 ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां स्मार्ट मीटर ने बिजली चोरी की सूचना सीधे कंपनी के सर्वर पर भेजी है। इसके बाद कंपनी ने उपभोक्ताओं के मीटरों की जांच शुरू कर दी है।

कंपनी ने नगर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत स्मार्ट मीटर लगाने की शुरुआत की थी। सीहोर नगर के जोन वन में कुल 16,675 उपभोक्ताओं में से 11,568 उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। शुरुआत में इन मीटरों का काफी विरोध हुआ था, क्योंकि कई उपभोक्ताओं को आशंका थी कि इनसे बिल ज्यादा आएंगे।

#### चोरी की जानकारी भेज देते हैं

हालांकि, अब इन स्मार्ट मीटरों का लाभ विद्युत वितरण कंपनी को मिलने लगा है। ये मीटर 'न्यूट्रल डिस्टरबेंस' जैसी गतिविधियों को स्वयं पहचान लेते हैं और बिजली चोरी की जानकारी तत्काल कंपनी के कंप्यूटर सर्वर पर भेज देते हैं। इससे उन उपभोक्ताओं पर नकेल कसी जा रही है जो मीटर से छेड़छाड़ कर बिजली चोरी कर रहे थे, जिससे कंपनी को राजस्व का नुकसान हो रहा था। एक माह के दौरान मिली 253 सूचनाओं के आधार पर विद्युत वितरण कंपनी अब संबंधित उपभोक्ताओं के यहां पहुंचकर जांच कर रही है और आवश्यक होने पर मीटरों की भी जांच की जा रही है। गौरतलब है कि पिछले एक साल में इसी जोन में 1,779 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पकड़ा गया था, जिनसे 94 लाख 31 हजार रुपए की वसूली की गई थी।

हालांकि मीटर की जांच होने पर उसका अतिरिक्त भार उपभोक्ता पर ही पड़ेगा। क्योंकि सामान्य मीटर की जांच के उपभोक्ताओं से 80 रुपए लिए जाते थे और स्मार्ट मीटर जांच के लिए जाएगा तो 1400 रूपए जांच के लिए जाएंगे। विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य सर्वर पर जानकारी भेजी जा रही है, जिसमें बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं की सूचना डायरेक्ट मिल रही है। इन सूचनाओं में अधिकतर सूचना न्यूट्रल डिस्टरबेंस की हैं, जिससे स्पष्ट हो जाता है कि उपभोक्ता द्वारा बिजली चोरी की जा रही है।

कुछ उपभोक्ता ऐसे भी मिले हैं जिन्होंने सर्विस लाइन में ही कट लगाकर बिजली चोरी शुरू कर दी थी। ऐसे उपभोक्ताओं पर भी बिजली विद्युत वितरण कंपनी शिकंजा करने जा रही है विद्युत वितरण कंपनी ने अपनी जांच का दायरा भी बड़ा दिया है। एई अतुलेश सिंह ने कहा है कि न्यूट्रल डिस्टरबेंस के मैसेज से बिजली चोरी पकड़ा रही है।

### खेल संस्थान मैदान पर कलेक्टर-सीईओ ने टेबल टेनिस में चलाए शॉट्स, चम्मच दौड़ में लिया भाग

# संस्कृति और एकता का संगम है आनंद उत्सव: कलेक्टर बालागुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के खेल संस्थान मैदान पर बुधवार को नजारा कुछ अलग ही था। मौका था जिला स्तरीय आनंद उत्सव का, जहां प्रशासन और जनता के बीच की दूरियां खत्म होती नजर आईं। कार्यक्रम में सबसे ज्यादा चर्चा जिले के आला अफसरों के खिलाड़ी अवतार की रही। दिन भर फाइलों और मीटिंग्स में व्यस्त रहने वाले कलेक्टर बालागुरू के. और जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव न केवल खिलाडिय़ों का हौसला बढ़ाने पहुंचे, बल्कि खुद भी मैदान में उतर गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर बालागुरू ने कहा कि आनंद उत्सव महज एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और एकता का संगम है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से हमारी परंपराएं जीवित रहती हैं और समाज में आपसी तालमेल बढ़ता है। खेल हमें सिर्फ सेहतमंद ही नहीं रखते, बल्कि एक-दूसरे से जुडऩा भी सिखाते हैं।





**टेबल टेनिस की मेज पर दिखाई फुर्ती :** जैसे ही कलेक्टर साहब ने हाथ में रैकेट थामा और टेबल टेनिस की मेज पर उतरे, वहां मौजूद छात्र और लोग जोश से भर गए। कलेक्टर ने किसी मंझे हुए खिलाड़ी की तरह बेहतरीन शॉट्स लगाए। उनके साथ ही जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने भी टेबल टेनिस के मुकाबले में पूरी फुर्ती दिखाई। अधिकारियों को पसीना बहाते देख युवाओं का उत्साह भी दोगुना हो गया। सीईओ यादव ने इसके बाद पारंपरिक चम्मच दौड़ में भी हिस्सा लिया, जिसे देख सभी ने खूब तालियां बजाईं।

#### खेलों के साथ स्थानीय जायके का आनंद

मैदान पर दिन भर सितोलिया, गोलाफेंक, रस्सी कूद और कुर्सी दौड़ जैसे खेलों की धूम रहीए जिसने सबकी बचपन की यादें ताजा कर दीं। खेल के साथ-साथ यहां खाने-पीने का भी खास इंतजाम था। स्वसहायता समूह की महिलाओं ने स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल लगाए थे। कलेक्टर और सीईओ ने खुद इन स्टॉल्स पर जाकर पकवानों का स्वाद चखा और दीदियों के हुनर की जमकर तारीफ की। जिला पंचायत सीईओ ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से काम का बोझ और मानसिक तनाव कम होता है। यह पूरा आयोजन हंसी-खुशी और एकता के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि रामकुंवरबाई पति सुभाषचन्द्र निवासी ग्राम बिलिया तहसील बडौद जिला आगर-मालवा म.प्र. ने अपने स्वामित्व की ग्राम बिलिया में स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 867 रकबा 860 वर्गफीट के संबधित दस्तावेज क्रमांक MP512822019A1108181 दिनांक 14-02-2019 दस्तावेज तथा दस्तावेज क्रमांक MP512822017A1090042 दिनांक 30-01-2017 उक्त पंजीक्रत दस्तावेज (रजिस्ट्री) गुम हो गई है तथा ढुंढने पर नही मिलने पर पुलिस थाना बडौद में दस्तावेज के गुम होने की सूचना दिनांक 03-02-2026 को दी गई है, मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बैंक में बंधक रख ऋण प्राप्त कर रही है। अतः सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति या दावा हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर लिखित में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में जमा करें, बाद सूचना के कोई भी व्यक्ति मेरे पक्षकार के द्वारा बंधक कि गई स्मपत्ति पर किसी प्रकार का दावा करता हैं तो उसको होने वाली हानि की जवाबदारी उसकी स्वयं की होंगी। आज दिनांक 22/02/2024 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्र से जारी

भवदिय **आदर्श जैन** एडवोकेट
कार्यालय:- ओपीपी। तोमर कंप्यूटर गली, सारंगपुर रोड, छावनी नाका, आगर मालवा-465441 (म.प्र.) मो: 8770272100, 9425083217

## खबर संक्षेप

### लापता युवक का शव शिप्रा नदी में मिला

**देवास।** जिले के आनंदपुर डूंगरिया गांव के रहने वाले 27 वर्षीय रविंद्र मोर्य का शव शिप्रा नदी में मिला है। रविन्द्र पिछले तीन दिनों से लापता था। गुरुवार सुबह कुछ लोगों ने नदी में शव उतराता हुआ देखा, जिसके बाद इसकी सूचना देवास और शिप्रा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकलवाया। जांच में मृतक की पहचान रविन्द्र मोर्य के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि रविन्द्र तीन दिन पहले ससुराल जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। रविन्द्र के लापता होने पर परिवार ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी और लगातार उसकी तलाश की जा रही थी। पुलिस को एक दिन पहले उसकी बाइक भी शिप्रा थाना क्षेत्र में लावारिस हालत में मिला था। शव शिप्रा नदी के इंदौर जिले वाले हिस्से में मिला है, इसलिए पोस्टमार्टम के लिए शव को इंदौर भेजा गया है। पुलिस को आशंका है कि युवक ने नदी में छलांग लगाई होगी। हालांकि, मौत का असली कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### सीएचओ और एएनएम को दिया प्रशिक्षण

**देवास।** जिला चिकित्सालय में नर्सिंग स्टॉफ, शहरी क्षेत्र देवास के समस्त संजीवनी क्लीनिक की एएनएम, जिले के सभी सीएचओ और एएनएम को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीनेशन अभियान के संबंध में संयुक्त प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सरोजनी जेम्स बेक ने बताया कि देवास जिले में 14 वर्ष की आयु की लड़कियों (जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया है, लेकिन अभी 15वां जन्मदिन नहीं मनाया है) के एकल आयु समूह के लिए एच.पी.व्ही. वैक्सीनेशन अभियान के रूप में प्रारंभ होगा।

जिप में पदस्थ मिड-डे मील की मॉनिटरिंग करने वाले संविदा कर्मचारियों पर हुई कार्रवाई

# 23.30 लाख राशि की आर्थिक अनियमितता करने के बाद तीन पर हुई एफआईआर दर्ज

29 जनवरी को शोकाज नोटिस जारी कर वसूली और एफआईआर के दिए थे निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




जिले में मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) योजना में बड़ा वित्तीय घोटाला सामने आया है। जिला पंचायत के एक कंप्यूटर ऑपरेटर और दो क्वालिटी मॉनिटर द्वारा योजना की राशि में लगभग 25 लाख रुपए के गबन का मामला उजागर हुआ है। तीनों को 29 जनवरी को सेवा समाप्ति के लिए शोकाज नोटिस जारी किए गए थे। साथ ही गबन की गई राशि वसूली की कार्रवाई के साथ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने दिए थे।

### तीन पर हुई एफआईआर

मिड डे मिल में हुई आर्थिक अनियमितता के बाद कार्रवाई को जारी रखते हुए गुरुवार को जिला पंचायत सीईओ ज्योति शर्मा के निर्देश पर दो क्वालिटी मॉनिटर और एक कंप्यूटर ऑपरेटर पर एफआईआर दर्ज कराई गई। एफआईआर के बाद वसुली सहित आगे की कार्रवाई की जाएगी। मिड डे मिल में गड़बड़ी का मामला एक कर्मचारी की शिकायत के बाद उजागर हुआ जिसके बाद जिला पंचायत सीईओ ने जांच दल गठित कर गहन जांच करवाई।

### मिड डे मिल का पैसा पत्नी के खाते में

सीईओ शर्मा द्वारा करवाई गई जांच में कम्प्यूटर ऑपरेटर अमन व्यास ने मिड डे मिल अंतर्गत रसोईया को दिए जाने वाले पैसे अपने ही पत्नी के खाते में ट्रांसफर कर दिए थे। जांच में ऐसे अन्य लगभग 20 संदिग्ध खातों में राशि का डलना पाया गया। वही क्वॉलिटी मॉनिटर आरती किरावर और अपर्णा जैन ने भी मिड डे मिल के समानांतर खाते बताकर अपने परिचितों के खाते में पैसे डाले।

### कुल 23 लाख 30 हजार का गबन

जांच में आरती किरावर, क्वालिटी मॉनिटर, राशि रू. 8,53,000/-, अपर्णा जैन, क्वालिटी मॉनिटर, राशि रु.2,48,000/- और अमन व्यास, डाटा इंदी आपरेटर राशि रू. 12,29,000/- का गबन पाया गया। उक्त राशि लगभग 20 खातों में डाली गई। मिड डे मिल में कार्यरत तीनों ही संविदा कमर्चारियों ने अपने रिश्तेदारो के खातों में राशि का आहरण किया। जिला पंचायत द्वारा दिए गए पत्र में पीएम पोषण शक्ति योजना में अनियमितता के संबंध में मिड डे मिल क्वालिटी मॉनिटर आरती किरावर, अपर्णा जैन और डाटा इंट्री ऑपरेटर अमन व्यास पर बीएनएस की धारा 318(4),316(2)में एफआईआर दर्ज की गई।

**इनका कहना है**

पीएम पोषण शक्ति योजना में आर्थिक अनियमितता के बाद तीन संविदाकर्मियों पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। आगामी कार्रवाई भी जारी है।

**ज्योति शर्मा,** सीईओ जिला पंचायत

# साइबर फ्रॉड से बचने पुलिस का जागरूक अभियान जारी

डिजिटल लिटरेसी व साइबर सुरक्षा की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस द्वारा साइबर फ्रॉड की बढ़ती घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए आमजन में जागरूकता लाने के उद्देश्य से एक व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वृद्धाश्रम बसेरा, देवास में वृद्धजनों को तथा NSS के माध्यम से शासकीय माध्यमिक विद्यालय बांगर में स्कूल एवं कॉलेज की छात्राओं को साइबर सिक्योरिटी, डिजिटल लिटरेसी एवं नवीनतम साइबर ठगी के तरीकों पर व्याख्यान दिया गया। वृद्धाश्रम बसेरा, देवास में आयोजित कार्यक्रम के दौरान साइबर सेल देवास से प्रधान आरक्षक शिवप्रताप सिंह सेंगर द्वारा वृद्धजनों को मोबाइल, बैंकिंग, ओटीपी, फर्जी कॉल, लिंक व डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के व्यावहारिक उपाय सरल भाषा में समझाए गए। कार्यक्रम में न्यायाधीश महोदय, वृद्धाश्रम बसेरा देवास के अधिकारी एवं कर्मचारीगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। वृद्धजनों को यह संदेश दिया गया कि किसी भी संदिग्ध कॉल या संदेश पर तुरंत प्रतिक्रिया न दें एवं आवश्यकता होने पर पुलिस से संपर्क करें। इसी प्रकार शासकीय माध्यमिक विद्यालय बांगर में NSS के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में GDC कॉलेज देवास के प्रिंसिपल, प्रोफेसरगण एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय बांगर के प्राचार्य की उपस्थिति में छात्राओं को साइबर अपराध के नए तरीकों, सोशल मीडिया सुरक्षा, ऑनलाइन ठगी, फर्जी जॉब/लोन ऑफर, डिजिटल पेमेंट से जुड़े जोखिम एवं बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्राओं को डिजिटल रूप से सशक्त, सतर्क एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया।

### 41 दिन बाद व्यापारी की मौत, पत्नी की पहले जा चुकी है जान

**देवास।** जिले के सतवास में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान दंपती खुद को आग लगा लिया था। गुरुवार को इंदौर के एक निजी अस्पताल में संतोष व्यास की भी मौत हो गई उन्हें 2 फरवरी को सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां ऑपरेशन के बाद गुरुवार सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। इस घटना के साथ ही डेढ़ माह पहले हुए आत्मदाह कांड का दुखद अंत हो गया। इससे पहले 11 जनवरी को इलाज के दौरान उनकी पत्नी जयश्री व्यास की भी मौत हो चुकी थी। दरअसल, 24 दिसंबर को सतवास बस स्टैंड क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई चल रही थी। तत्कालीन तहसीलदार अरविंद दिवाकर जेसीबी के साथ मौके पर पहुंचे थे। संतोष व्यास की बस स्टैंड पर स्टेशनरी और फोटोकॉपी की दुकान थी। वे एक कॉलोनी में मकान निर्माण भी करवा रहे थे। प्रशासन को शिकायत मिली थी कि निर्माण कार्य में अतिक्रमण किया जा रहा है, जिस पर कार्रवाई की जा रही थी। इसी दौरान संतोष व्यास और उनकी पत्नी जयश्री व्यास की तहसीलदार से बहस हो गई। विवाद बढने पर दोनों ने मौके पर ही अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी। इंदौर में पोस्टमार्टम के बाद संतोष व्यास का शव उनके गृह नगर सतवास लाया जाएगा, जहां दोपहर में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### समय पर रक्तदान कर बचाई महिला की जान

**देवास।** जिला अस्पताल से सूचना प्राप्त हुई कि शहर की एक महिला गंभीर अवस्था में भर्ती है। चिकित्सकों ने शल्य क्रिया के लिए तत्काल अतिरिक्त रक्त की आवश्यकता बताई। रक्त की कमी के कारण महिला की जान को खतरा बना हुआ था। जैसे ही यह सूचना अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज के पदाधिकारी एवं जिला सह सचिव मुकेश पटेल को मिली, वे तुरंत सक्रिय हुए। मुकेश पटेल अपने सहयोगी विजय पटेल के साथ जिला चिकित्सालय पहुँचे और दोनों ने रक्तदान कर महिला के प्राणों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बताया गया कि मुकेश पटेल और उनकी टीम पहले भी कई सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से समय-समय पर रक्तदान करते रहे हैं और जरूरतमंद लोगों की सहायता करते आए हैं।

# टेक्समो कंपनी पर कार्रवाई बिना अनुमति प्रचार प्रसार पंपलेटस लगाए, नगर निगम ने की चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




शहर में बिना अनुमति सार्वजनिक स्थानों पर प्रचार प्रसार पेम्पलेटस लगाये जाने पर कार्यवाही की गई। जिसके अन्तर्गत निगम की रिमूव्हल टीम द्वारा सख्त कार्यवाही करते हुए टेक्समों कंपनी पर 15 हजार की चालानी कार्यवाही की।

साथ ही शहरभर में लगाए गए सभी पेम्पलेटस तत्काल प्रभाव से हटवाए गए।उल्लेखनिय है कि स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशानुसार शहर के मुख्य मार्गो, चौराहों एवं अन्य मार्गो पर किसी भी प्रकार के लगे हुये प्रचार प्रसार के फ्लेक्स हार्डिंग या पेम्पलेटस हटाये जाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। टेक्समो कम्पनी के द्वारा कम्पनी के प्रचार प्रसार के पेम्पलेटस मुख्य मार्गो पर निगम की बिनाअनुमति लगाये जाने पर निगम की रिमूव्हल टीम द्वारा नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही कर पेम्पलेटस निकाले गये तथा राशि रूपये 15 हजार की मौके पर ही चालानी कार्यवाही की गई। शहर की सुंदरता एवं स्वच्छता बनाए रखने बिना अनुमति किसी भी प्रकार के प्रचार-प्रसार सामग्री लगाने पर सामग्री हटाने तथा संबंधितों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की जावेगी। कार्यवाही के दौरान निगम मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार एवं स्वच्छता निरीक्षक शंकर सांगते के साथ रिमूव्हल टीम उपस्थित रही।

# बागली स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली में गुरुवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बैक के निर्देशन में एवं मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित नागर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित नागर, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. हेमंत पटेल, डॉ. अखिलेश मिश्रा, डॉ. दिनेश सोलंकी, डॉ. अमित पुरोहित डॉ. ऋषि श्रीवास्तव द्वारा रक्तदान कर कर्मचारियों को प्रेरित किया गया। शिविर में कुल 25 लोगों द्वारा रक्त दान किया गया। शिविर में देवास जिला चिकित्सालय की टीम एवं ब्लॉक से बीईई आर. एस. चौहान, बीपीएम रतन सिंह जामले, बीसीएम यतींद्र बैरागी, सेक्टर सुपरवाइजर नंदकिशोर मोहवाल, अनिल जोशी, अनिल ठाकरे, राजकुमार भगोले, राजेश गुर्जर, योगिता योगी एवं अन्य कर्मचारी का विशेष योगदान रहा।

# 14 से बाबा भंवरनाथ महाराज के ऐतिहासिक 10 दिवसीय मेले का शुभारंभ, उमड़ेंगे श्रद्धालुजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरासा



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर भौंरासा में नगर परिषद द्वारा बाबा भॅंवरनाथ महाराज का अति प्राचीन प्रसिद्ध ऐतिहासिक धार्मिक मेला व प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है जो 14 से 22 फरवरी तक आयोजित होगा। भौंरासा मेला विशेष तौर पर कृषि प्रदर्शनी और मवेशियों की खरीदी के लिए ख्याति प्राप्त मेला है। मेले में आकर्षक मनोरंजन एवं शिक्षाप्रद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कुछ वर्षो से यह मेला क्रिकेट, दंगल, महिला व पुरूष कब्बडी आदी प्रतियोगिताओं के लिए भी प्रसिद्धी पा चुका है। यहॉं प्रतिदिन दोपहर के समय अलग अलग खेलो का आयोजन किया जाएगा। शुभारंभ के दिन श्री खेड़ापति झण्डा फेरी भजन मण्डल की भजन संध्या रात्रि 8 बजे होगी। 15 और 16 फरवरी को गणेश कला मंडल महेश्वर द्वारा तेजाजी महाराज का खेल रात्रि 8:00 बजे से दिखाया जाएगा। 17,18, व 19 फरवरी को श्री महाकालेश्वर रामायण प्रचारक रामलीला संस्कृत मंडल समिति उज्जैन द्वारा रंगारंग प्रस्तुति होगी। 20,21 व ,22 तारीख को श्री कृष्णा रंगीला राजस्थान शिवानी डांस ग्रुप उज्जैन द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। 16 से 21 फरवरी तक टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 2 ,लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार 1लाख रूपये दिया जाएगा। 22 फरवरी रविवार को दोपहर 1:00 से दंगल प्रतियोगिता आयोजित होगी। मेले को इस वर्ष भव्य व सफल बनाने की अपील नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, नगर परिषद सीएमओ सविता सोनी ,पार्षद प्रतिनिधि रोहित जायसवाल, पार्षद प्रतिनिधि छोटू लाल लोधी ,पार्षद मनीष यादव, पार्षद सचिन यादव, पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र ठाकुर ,पार्षद सुरेश मालवीय, पार्षद प्रतिनिधि संदीप चावड़ा, पार्षद प्रतिनिधि विनोद डोडिया, पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, पार्षद प्रतिनिधि अफजल मंसूरी, पार्षद गुलरेज मदनी, पार्षद अबरार गांधी, पार्षद प्रतिनिधि बहादर सिंह भाटिया व नगर परिषद के समस्त कर्मचारियों ने की है।

# वृद्धाश्रम बसेरा में लगाया विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में वृद्धा आश्रम बसेरा देवास में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास रोहित श्रीवास्तव ने नालसा की वरिष्ठ नागरिकों को विधिक सेवा योजना के अंतर्गत निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी। इस अवसर पर व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड देवास कुंवर युवराज सिंह, पीठासीन अधिकारी श्रम न्यायालय देवास सैयद दानिश अली सहित प्रबंधक वृद्धाश्रम दिनेश चौधरी एवं वृद्धजन उपस्थित थे।

अशासकीय शिक्षण संस्था संचालक संघ के नेतृत्व में होगी संगोष्ठी

# मुख्य वक्ता राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर देंगे जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत का संकेत देते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 क्रियान्वयन एवं चुनौतियां विषय पर केंद्रित वृहद स्तरीय शिक्षण संगोष्ठी का आयोजन 7 फरवरी 2026, शनिवार को सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड देवास में, प्रातः 11.30 पर किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नियम व उद्देश्यों, क्रियान्वयन और चुनौतियों पर गहन चिंतन होगा, जिसे शिक्षा जगत के लिए एक महाकुंभ के रूप में देखा जा रहा है। अशासकीय शिक्षण संस्था संचालक संघ के अध्यक्ष राजेश खत्री, उपाध्यक्ष सैयद मकसूद अली और सचिव दिनेश मिश्रा ने स्थानीय न्यू चिल्ड्रन होम स्कूल में प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि संगोष्ठी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की निर्माण समिति के प्रमुख, विचारक और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी मुख्य वक्ता होंगे, जो अपने अनुभवों और विचारों से नीति के हर पहलू पर मार्गदर्शन देंगे। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि प्रो. एस. के. जैन (कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल), प्रो. देव आनन्द हिण्डोलिया (कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल) एवम ओम प्रकाश शर्मा (राष्ट्रीय संयोजक, आत्म निर्भर भारत, नई दिल्ली) होंगे, जो अपने उद्बोधन से शिक्षा के भविष्य को नई दिशा देंगे। संगोष्ठी में नीति से जुड़ी चुनौतियों को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में नगर के विद्यालयों, महाविद्यालयो, शिक्षा महाविद्यालयो, सामाजिक संगठन एवं शिक्षण संस्थान, के संचालक, प्राचार्य, संस्था प्रमुखों के साथ शिक्षाविद, साहित्यकार, पत्रकार व बुद्धिजीवी वर्ग उपस्थित होगा। सभी के मध्य विचारों का आदान-प्रदान होगा। इस शिक्षण संगोष्ठी में भाग लेकर शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञों के विचार सुनने का मौका मिलेगा, जिससे शिक्षा जगत में सकारात्मक परिवर्तन के लिए नए विचार प्राप्त होंगे और भविष्य के शिक्षकों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की प्रेरणा मिलेगी। संगोष्ठी न केवल एक चर्चा का मंच है, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और विकास के नए रास्ते खोलने का एक महत्वपूर्ण कदम भी है। उक्त जानकारी संगठन के मीडिया प्रभारी शकील कादरी, आदित्य दुबे, अबरार अहमद शेख ने संयुक्त रूप से दी।

# पीएम श्री स्कूल को 21 हजार का सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




स्थानीय पीएम श्री स्कूल कमलापुर शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है और संपन्नता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। शासकीय योजनाओं के लाभ के साथ समाज का आर्थिक सहयोग भी इसे सर्वसुविधायुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य व विद्यालयीन स्टॉफ की विकासोन्मुखी सोच, समर्पण और प्रभावशाली कार्यशैली ने विगत कुछ वर्षों से विद्यालय में दान एवं आर्थिक सहयोग की एक परंपरा स्थापित कर दी है, जो अनवरत जारी है। हाल ही में, विद्यालय की वरिष्ठ और समर्पित शिक्षिका शोभा दुबे और उनके पति चिंतेश कुमार दुबे ने विद्यालय के विकास के लिए 21 हज़ार रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। यह सहयोग गणतंत्र दिवस के अवसर पर किया गया। उन्होंने प्रभारी प्राचार्य अनंत नागर 21 हजार राशि का चेक भेंट किया। दुबे की इस पहल का विशेष महत्व है क्योंकि वे विगत 40 वर्षों से इसी विद्यालय में अपनी बहुमूल्य सेवाएं दे रही हैं और आगामी चार माह पश्चात सेवानिवृत्त होने वाली हैं। यह पहली बार नहीं है जब दुबे दम्पति ने विद्यालय को आर्थिक सहायता दी है; उन्होंने पहले भी 5-5 हजार रुपये का दान देकर अपनी उदारता का परिचय दिया है। समस्त विद्यालय स्टाफ ने शोभा दुबे और उनके पति चिंतेश कुमार दुबे के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय स्टॉफ के साथ सरपंच प्रतिनिधि रवि चौहान, उप सरपंच अतीक जैदी, अजहर काजी, थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा, सेवानिवृत शिक्षक विजयप्रकाश जोशी, मोईनुद्दीन कुरैशी सहित सम्माननीय नागरिक आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### लाठी-डंडों व चाकू से हमला करने का आरोप

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाली महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह विगत 5-6 माह से दिल्ली व चण्डीगढ़ में रह रही थी। उक्त समय उसका पति जेल में था। बताया कि जेल से छूटने के बाद उसके पति ने उसे फोन करके बुलाया था। वह 10 दिन पहले ललितपुर पहुंची थी। आरोप है कि 4 फरवरी को अपराह्न करीब 3 बजे पति ने शराब पीने के लिए रुपयों की मांग की। विरोध करने पर पति ने गालियां देते हुये लाठी-डण्डों व चाकू से मारपीट कर दी, जिससे उसके शरीर में काफी चोटें आयीं। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि पति ने शिकायत करने जान से मारने की धमकी देते हुये विषाक्त का सेवन कर आत्महत्या कर उसे फंसा देने की भी धमकी दी। महिला ने बताया कि उसका पति काफी आपराधिक किस्म का व्यक्ति है और पूर्व से उस पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### ई-रिक्शा ने बाइक सवार वकील को टक्कर मारी

**ललितपुर।** ग्राम सीरोंन खुर्द व हाल पिसनारी में रहने वाले अधिवक्ता कैलाश नारायण पुत्र स्व.दलीप सिंह ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 2 जनवरी को सुबह करीब 11.50 बजे वह क्लेम पिटीशन ट्रिब्यूनल कोर्ट (एम.ए.सी.टी.) पुरानी तहसील जा रहा था। वह जैसे ही जजी गेट के सड़क पार कर रिमझिम होटल के रास्ते पर पहुंचने ही वाला था कि तभी वर्णी कॉलेज चौराहा की ओर से आ रहे ई-रिक्शा नम्बर यू.पी.94 ए.टी. 2407 के चालक ने तेजी व लापरवाही से ई-रिक्शा से उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गिर गया और ई-रिक्शा उसके ऊपर पलट गया, जिससे उसके दाहिने हाथ की हड्डी टूट गयी और शरीर में काफी चोटें आयीं। आरोप है कि घटना को भीमनगर नदीपुरा निवासी जानकी प्रसाद एड. व गांधीनगर निवासी अनुराग सिंह एड. ने देखा और उसे ई-रिक्सा के नीचे से निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर उन्होंने निजी अस्पताल में भर्ती रहे, जहां उसके हाथ का ऑपरेशन हुआ। एफआईआर दर्ज कर ली है।

### बाइक ने मारी टक्कर से दंपती घायल

**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम पठा में रहने वाले गरीबदास पुत्र थोबन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 1 जनवरी को शाम करीब 6 बजे वह अपनी पत्नी रामरती के साथ मोटर साइकिल नम्बर यू.पी.94 क्यू 0868 पर सवार होकर ललितपुर से निवाई आ रहा था। रास्ते में रिलाइंस पेट्रोल पम्प के पास मसौरा बैरियल से आगे सागर रोड ही आया था कि तभी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एफ. 7960 जिसे थाना नाराहट के ग्राम पटना जरौली निवासी राजू पुत्र द्वारका चला रहा था ने जोरदार टक्कर मार दी और मौके से भाग गया। पीड़ित ने बताया कि इस टक्कर में उसे व उसे चोटें आयीं तो वहीं उसकी पत्नी का जबड़ा व दाहिना हाथ टूट गया। उसकी पत्नी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे ग्वालियर रेफर किया गया।

### मजदूरी से मना करने पर मारपीट की

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम खोंखरा के पोस्ट तेरा में रहने वाले सोनू अहिरवार पुत्र रतिराम ने सीजेएम न्यायालय में वाद दायर किया है। बताया कि बीती 5 अक्टूबर 2025 की सुबह 9 बजे वह घर में था, तभी गांव के अरविन्द पुत्र निरन ठाकुर, देवीसिंह उसके घर आये और उससे कहा कि मूंगफली फसल कटाई के लिए मजदूरी करने खेत पर चलो। जब उसने कहा कि पूर्व में 15 दिन की गयी मजदूरी का 6 हजार रुपये बाकी है, जिसका भुगतान करें, तभी आगे मजदूरी कर पाउंगा। इतना सुनते ही उक्त लोगों ने जबरन मजदूरी करने की बात कहते हुये अन्यथा की स्थिति में गांव में नहीं रह पाने की धमकी देते हुये गालियां देते हुये मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बचाने आयी मां लाड़कुंवर, पिता रतिराम, नाबालिग पुत्र भी बचाने आया तो उक्त लोग धमकाते हुये गये कि खेत पर मजदूरी करने नहीं आया तो जान से मारकर फेंक देंगे। उक्त लोग आपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं।

## उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग सदस्य ने महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा की

# जनसुनवाई का मतलब पीड़ित महिलाओं को मिले त्वरित न्यायः अर्चना पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल ने सर्किट हाउस में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा की और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के लिए महिला जनसुनवाई कर अधिकारियों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये।

उन्होंने जनसुनवाई करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिला जनसुनवाई का आयोजन इसीलिए किया जाता है कि पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय मिले और उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जानकारी हो सके। उन्होंने कहा कि यदि पिछली जनसुनवाई में आये शिकायतकर्ता पुनः जनसुनवाई में आते हैं तो इससे जाहिर होता है कि अधिकारी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं कर रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आज जो भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उनका निस्तारण अगली जनसुनवाई तक हो जाना चाहिए, यदि शिकायतें लम्बित रहती हैं तो सम्बंधित अधिकारी इसके लिए जिम्मेदार होंगे।

### कौनसे कितने शिकायती पत्र मिले

18 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 08 शिकायतें पुलिस से सम्बंधित, 05 शिकायतें राशन कार्ड सम्बंधी, 01 शिकायत तहसील सम्बंधी, 01 शिकायत वृद्धावस्था पेंशन सम्बंधी, 01 सहायता सम्बंधी, 01 आवास योजना तथा 01 शिकायत आयुष्मान कार्ड योजना सम्बंधी आयीं, जिन्हें सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराकर अवगत कराने के निर्देश दिये गए हैं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी भूपेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इम्तियाज अहमद, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी व पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वावधान में हिंदू सम्मेलन का आयोजन

# विभाग प्रचारक मनोज ने हिंदुओं को एकजुटता से रहने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वावधान में माधव बस्ती चांदमारी पर विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक झांसी विभाग मनोजजी एवं अभाविप राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शिवा राजे बुन्देला रहीं। कार्यक्रम में श्रीश्री 1008 कृष्ण गिरी महाराज एवं 1008 भावनानंद गोस्वामी, चित्रलेखा ब्रह्माकुमारी आश्रम भी मंच पर उपस्थित रहीं।

मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक मनोज ने सभी हिन्दुओं को एकजुटता से रहने का संदेश दिया और संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर पंच परिवर्तन जैसे कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक सद्भाव, पर्यावरण संरक्षण, स्व का भाव स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया, शिवा राजे बुन्देला ने अपने आजस्वी विचार व्यक्त कर सभी को हिदुत्व एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला प्रचारक वीरसिंहजी, नगर प्रचारक सुनील, जितेन्द्र वैध, सन्मति सर्राफ, संजीव जैन, मुन्नालाल जैन, डा.एस.पी.पाठक, बी.के. पाल, राहुल मोदी, पं.रविकान्त तिवारी, कुन्जबिहारी शर्मा, सजन कुमार शर्मा, राजेन्द्र कुमार, अवधेश, सी.एल. पाल, कौशल किशोर गोस्वामी, बालकृष्ण तिवारी, विनोद विश्वकर्मा, सन्तोष चौरसिया, विजय सचान, बृजबिहारी, कृष्णकान्त, सोनू कुशवाहा, रामनिवास, रामप्रकाश, एस.एस.परमार, सुरेश पटैरिया, रूपेश सोनी, प्रतिज्ञा मालवीय, सपना गोस्वामी, आशा कांकर, श्रीमति शिल्पा वैध, नीलम नामदेव, ऋतु तिवारी, रूबी कुशवाहा, लक्ष्मी देवी, संध्या पटैरिया, राजेश तिवारी, मीना बाल्मीकि, कन्हैया कुशवाहा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। संचालन मधुरिमा तिवारी ने व संयोजक के.एल. मालवीय ने आभार जताया।

## डीजे संचालकों के साथ की बैठक की

# रात दस बजे के बाद डीजे बजाया तो जब्त किया जाएगाः सीओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ललितपुर-झांसी रोड पर एक साथ तीन-चार बारातों के एक साथ निकलने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। जाम को खुलवाने के लिए पुलिस के साथ लोगों को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, लिहाजा क्षेत्रधिकारी सदर सुनील कुमार ने सभी डीजे संचालकों के साथ बैठक कर निर्देश दिये।

क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार ने कहा कि निर्धारित समय रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाया गया तो सख्त कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा डीजे जब्तीकरण की भी कार्यवाही की जा सकती है। सीओ को डीजे संचालकों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि कि वैवाहिक कार्यक्रम करने वाले लोग समय से बारात नहीं उठाते, जिस कारण समय में देरी होती है और निर्धारित समय से डीजे बंद करने पर बारात में शामिल लोगों द्वारा गालियां तक दी जाती हैं। इस पर सीओ ने कहा कि डीजे संचालक अपनी समस्याओं के लिए तत्काल पुलिस को अवगत करायें और नियमों का सख्ती से पालन करें, जिससे कि किसी को कोई असुविधा न हो। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि सड़क को घेरकर डीजे न चलायें, वाहनों को निकलने के लिए पर्याप्त स्थान बनाये रखें, जिससे वाहन चालकों को भी परेशानियां न हों। सीओ ने कहा कि पुलिस जनता के लिए चौबीसों घण्टे उपलब्ध है। इस समय शादी का सीजन चल रहा है जिसकारण इलाईट से राजघाट रोड बाबा सदनशाह से सिद्धन रोड पर कई विवाह घर है जिस कारण एक साथ कई बरतों का एक साथ निकलने से कई घंटे तक मार्ग अवरुद्ध रहता है और डीजे की तेज आवाज वहां से गुजरने वाले जाम में फंसकर कानफोड़ों संगीत दिल दहला देता हैं। इस मौके पर शहर कोतवाल अनुराग अवस्थी के अलावा अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# ‘एकता के लिए राजयोग का अभ्यास सफलता की चाबी’

## ध्यान राजयोग विषय पर व्याख्यान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विश्वास और एकता के लिए ध्यान राजयोग विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वरदानी भवन में मुख्य रूप से सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, डा.आर.एन. यादव, इंजी.हिमांशु नरवरिया, इंजी.सुरभि नरवरिया पहुंचे, जिनका स्वागत तिलक पुष्पों से किया गया। सभी को ध्यान राजयोग विषय पर व्याख्यान दिया। बीके चित्ररेखा दीदी ने बताया कि जीवन में हर कार्य की सफलता के लिए चाहे परिवार में, अपने निजी कार्यों में ध्यान अर्थात परमात्मा की याद से हमारे जीवन में कर्मेंद्रियों में एकता आती है। और आपसी विश्वास बढ़ता है जिससे हम सदा सफलता को प्राप्त करते है। तो ध्यान रखना है हमें अपने विचारों पर, वृत्ति पर, दृष्टि पर, बोल पर, चेहरे पर, व्यवहार पर यही ध्यान अर्थात अटेंशन के द्वारा हमारा जीवन सकारात्मक बनता है। सकारात्मक यानी पॉजिटीविटी ही सफलता का मूल सूत्र है। इसके साथ ही सदर विधायक ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए ध्यान के लिए सभी से आग्रह किया तथा स्वयं वरदानी भवन में आकर ध्यान मेडिटेशन करेंगे। इस कार्यक्रम में सीमा नरवरिया, रूप सिंह नरवरिया, डा.सृष्टि एवं पूरे नरवरिया परिवार ने सभी दीदीयो का तिलक माला एवं उपहार से सम्मान किया। फिर सभी को ईश्वरीय प्रसाद ब्रह्मा भोजन स्वीकार कराया। जिसमें बीके मायारानी दीदी, गीता दीदी, प्रीती दीदी, रुबी दीदी, प्रियंका दीदी, निशा बहन, पूजा बहन, शिवानी बहन एवं विद्यासागर भाई। दैवीय परिवार उमा यादव, एड.दर्शनसिंह यादव, अशोक राठौर, महेश कंचन, मनीष दुबे, रोहित श्रीवास्तव, हरिशंकर साहू, कैलाश नारायण, खुशीलाल साहू, विजय साहू, भूपेंद्र राठौर, राहुल जैन (पत्रकार), सुनील भाई, स्वर्णा कंचन, किरण साहू, मंजू साहू एवं अनेक बीके भाई-बहन उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने डीएम को भेजा शिकायती पत्र

# दैलवारा के छपराई गांव में 15 दिन से विद्युत आपूर्ति ठप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

निकटवर्ती ग्राम दैलवारा के मोहल्ला छपराई में खराब विद्युत ट्रान्सफार्मर को बदलवाने के लिए ग्रामीणों ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन भेजा है।

ज्ञापन में बताया कि गांव के किसान व आम ग्रामीण विद्युत ट्रान्सफार्मर विगत पन्द्रह दिनों से खराब होने के कारण सम्पूर्ण गांव की विद्युत आपूर्ति ठप है। बताया कि सम्बन्धित जेई को कई बार शिकायती पत्र देने एवं व्यक्तिगत रूप से मिलकर समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी है और न ही कोई ध्यान इस ओर दिया जा रहा है। बताया कि वर्तमान में फसल की सिंचाई का मुख्य समय चल रहा है और उक्त ट्रान्सफार्मर से क्षेत्र के कई किसानों के अस्थाई कनेक्शन जुड़े हुये हैं। विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण किसान अपनी फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं, जिससे खड़ी फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गयी हैं और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने जिलाधिकारी से दयनीय स्थिति और खेत कार्य को महत्वता देते हुये विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय राजेन्द्र कुमार, रामसिंह बुन्देला, सूरज कुमार, हरजू, सुकलाल, भग्गू, सतीशचंद्र, राजकुमार, लल्लू, मुन्नालाल के अलावा अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# मदरसे में तालीम लेने 7 बच्चों की हुई दस्तारबंदी

**मड़ावरा।** मंगलवार की रात शबे बारात के मुबारक मौके पर जामा मस्जिद मड़ावरा के मदरसा में इजलास दस्तारबंदी का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें बच्चों की दस्तार बंदी की गई, जिन्होंने कलाम-ए-पाक मुकम्मल किया। जिनमें आलिया फातिमा, अयान, फैजान, अरशद, मु. राहत मंसूरी, उबेश, फरहान शामिल है। जलसे का आगाज मौलाना अताउत समद साहब ने कलामे पाक की तिलावत से किया एवं हाफिज व कारी जनाब शमीउल कादरी साहब ने जलसे की सदारत फरमाई। निजामत मड़ावरा जामा मस्जिद इमाम मौलाना अताउत समद साहब ने की एवं उसके बाद मौलानाओं एबं बच्चों ने नात पेश की। कलाम ए पाक मुकम्मल करने वाले सभी बच्चों की गुलपोशी की गईं, बच्चों प्रमाण पत्र एवं गिफ्ट देकर सम्मानित कर हौसला अफजाई की गई। साथ ही सवालों जबाव में प्रतिभाग करने वाले बच्चों की भी हौसला आफजाई की गई। जलसे की सरपरस्ती मड़ावरा जामा मस्जिद इमाम मौलाना अताउत समद साहब एबं टोरिया स्थित सुन्नी मुनब्बरी मस्जिद इमाम आशिफ रजा साहब ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

### पुराने जमीनी मामले में मारपीट कर धमकाया

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा के ग्राम बम्हौरीकलां में रहने वाले रवि कुमार नामदेव पुत्र रामकिशन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह व जितेन्द्र पुत्र जालम लोधी 1 फरवरी को बम्हौरी कलां में अपराह्न 3 बजे दीपेन्द्र राजा की टाल के सामने खड़े थे। तभी गांव के केहर व फूलसिंह पुत्रगण कलू, कलू पुत्र गोकुल एकराय होकर आये और जितेन्द्र के जमीन सम्बन्धी पुराने विवाद को लेकर गालियां देने लगे। जब दोनों ने गालियां देने से मना किया तो उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी और भाग गये। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

## आनंदपुर निशुल्क हड्डी रोग निवारण शिविर में लाभान्वित हुए मरीज

# हड्डी की तकलीफ को नजरअंदाज न करें : डॉ. दिवाकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




श्रीआनंदपुर साहिब अशोकनगर में एक विशाल त्रिदिवसीय हड्डी रोग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ललितपुर सहित संचेती अस्पताल पुणे, सर गंगाराम अस्पताल नई दिल्ली के अलावा गवालियर, मुंबई और इन्दौर से आये चिकित्सा विशेषज्ञों ने मरीजों का परीक्षण कर परामर्श दिया और उनका उपचार भी किया।

इस दौरान हजारों मरीजों ने शिविर का लाभ लिया। सिंगापुर से आये डा.कमल बोस ने भी अपनी सेवाएं दीं। इस विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ललितपुर के वरिष्ठ हड्डी रोग सर्जन डा.ए.के. दिवाकर, डा.आकाश खैरा सहित अनेक विशेषज्ञों ने भी अपनी निःशुल्क सेवाऐं दीं। इस शिविर के पहले दिन 2250 मरीजों का पंजीयन हुआ, दूसरे दिन 550 और तीसरे दिन अनेक मरीजों के परीक्षण किये गये। शिविर में हड्डी रोग के एक सैकड़ा से अधिक मरीजों को चिन्हित कर उनके ऑपरेशन किये गये। खास चिकित्सा विशेषज्ञों में ललितपुर के डा.ए.के. दिवाकर व डा.आकाश खैरा के अलावा सिंगापुर के डा.कमल बोस, डा.धुरवांश प्रकाश, डा.कृष्णकान्त, डा.ललित शर्मा, डा.विवेक सोढ़ाई, डा.अभिषेक कोठारी, डा.राहुल जासयवाल, डा.अमोघ बाजी, डा.सोहम कर्नावत, डा.ओमकार अवाले, डा.वारिद अल्ताफ, डा.महेश, डा.अथर्व देवोकर, डा.अरुणा अरोरा, डा.यश मुधाले आदि शामिल रहे। चिकित्सा विशेषज्ञों ने मरीजों को विशेषज्ञ सुविधाऐं दीं और उनका परीक्षण, जांच, परामर्श व उपचार किया, जिससे हजारों मरीजों को लाभ मिला। शिविर के समापन पर आयोजकों ने इन चिकित्सा विशेषज्ञों को सम्मानित किया।

### इनका कहना है

इस शिविर में हड्डी रोग के टेढ़ेमेढे पांव, बिगड़े पुराने मामले, विकलांगता के गरीब मरीजों का परीक्षण कर मैंने कई ऑपरेशन किये हैं। जिससे दूर दराज से आये मरीजों को काफी लाभ मिला है। संक्रमण के भी जटिल मरीजों का इलाज निशुल्क किया गया है।

**डा.आकाश खैरा** वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ सर्जन ललितपुर।

## सलूजा वेयरहाउस के चोरी हुए गेहूं का मामला

# गेहूं के लुटेरों का नहीं मिल रहा कोई सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा



जिस रात वेयर हाउस से 30 बोरी गेहूं की लूट हुई ड्यूटी पर चौकीदार जसरथ मीणा, हरिसिह मीणा उसकी पत्नी गीता बाई और 19 वर्षीय बेटा राहुल मीणा था। हरिभूमि ने जब मौके पर जाकर पड़ताल की तो चौकीदार हरिसिंह मीणा ने बताया कि बदमाशों की संख्या 4-5 थी। वे पहले सीढ़ी के जरिए 8 फीट ऊंची बाउंड्रीवाल लांघकर अंदर दाखिल हुए। बदमाश जब अंदर आए तब चौकीदार जसरथ राउड लगाकर पीछे से आया था, इसी दौरान बदमाशों ने पीछे से उसे दबोच लिया और कट्टा अड़ा दिया। हालांकि इसके बाद बदमाशों के हाथ में किसी अन्य ने कट्टा नहीं देखा। हरिसिंह, उसकी पत्नी गीता बाई और राहुल को डराने के लिए बदमाशों ने चाकू का इस्तेमाल किया। वारदात को अंजाम देने से पहले बदमाशों ने वेयर हाउस से कुछ दूर बने गार्ड रूम में बने एक कमरे में राहुल और जसरथ को बंद करके बाहर से कुंदी लगा दी। जबकि हरिसिंह और उसकी पत्नी को दूसरे कमरे में बंद किया, लेकिन कमरे की कुंदी नहीं लगाई। दो बदमाश राहुल वाले कमरे पर पहरा दे रहे थे। जबकि एक बदमाश हरिसिंह और उसकी पत्नी के कमरे की पहरेदारी कर रहा था। वहीं दो बदमाश चाबी लेकर वेयर हाउस की तरफ गए थे।

गेहूं के लुटेरों का जिस खेत के रास्ते अंदर आना बताया जा रहा है, वहां काली गीली मिट्टी है। यदि गेंहू के लुटेरे उस रास्ते से आए तो मिट्टी गीली होने के कारण बदमाशों के पैरों के निशान मिलने चाहिए थे। जिस सीढ़ी का उपयोग बदमाशों ने चढ़ने में उपयोग किया, उस पर भी मिट्टी के निशान होने चाहिए थे। साथ ही जिस बाउंड्रीवाल पर चढ़कर बदमाशों ने नीचे छलांग लगाई, उस पर भी जूतों एवं पैरों के निशान मिलना चाहिए, जबकि कहीं भी गीली मिट्टी के निशान कहीं नहीं मिले हैं। अंदर भी कोई फुटप्रिंट नहीं मिले। बदमाशों ने वेयर हाउस की पावर सप्लाई बंद कर दी थी, लेकिन स्विच पर फींगर प्रिंट के निशान नहीं मिले। चैकीदारों के मुताबिक कपड़ा रखकर स्विच दबाया था। जबकि वह चैकीदार और उसकी पत्नी को कमरे में बंद करने के बाद कुंदी खुली छोड़ गए। बदमाशों ने सभी के मोबाइल जब्त कर लिए थे, जिनको वे वेयर हाउस में छोड़ गए। दिलचस्प बात ये है कि अंधेरे में चैकीदार ने अंदर जाकर आराम से मोबाइल खोज भी लिए। ये ऐसे सवाल हैं, जो पुलिस के भी गले नहीं उतर रहे हैं। पुलिस को संदेह है कि वारदात में किसी अंदर के व्यक्ति का ही हाथ है और इसी वजह से इस एंगल पर भी पड़ताल की जा रही है।

### गोदाम में 4500 क्विंटल सरकारी गेहूं रखा था, फिर 30 ही क्यों ले गए

सलूजा वेयर हाउस के मालिक राहुल सलूजा के मुताबिक वेयर हाउस दो हिस्सों में बंटा है। एक वेयर हाउस का ताला एक दिन पहले ही सरकारी अधिकारियों ने खोला था। एक हजार क्विंटल गेहूं पहले ही निकाला जा चुका था। इस प्रकार 4500 क्विंटल गेहूं अंदर रखा था। सवाल ये है कि एक छोटे लोडिंग वाहन में भी कम से कम 60 बोरियां आती हैं तो बदमाश केवल 30 बोरी गेहूं ही क्यों लूटकर ले गए। जिसकी कीमत केवल 39 हजार थी, यदि चोरी का माल बेचा जाएगा तो अधिकतम 15-20 हजार का बिकेगा। ऐसे में यदि बदमाशों की संख्या 4-5 है तो भी एक व्यक्ति के हिस्से में महज 4-5 हजार रुपए आएंगे। यदि बदमाशों की संख्या 20-22 होगी तो 1000-1200 रुपए से अधिक नहीं आएगा। बदमाशों के पास पर्याप्त समय होने के बाद भी केवल 30 ही बोरी लूटी गई। चौकीदार हरिसिंह के मुताबिक बदमाश रात करीब 3 बजे लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद रवाना हो गए थे। जिसका पता उनको गाड़ी की आवाज से लगा। जिसके करीब 20 मिनट बाद चैकीदार ने बाहर निकलकर दूसरे कमरे का गेट खोला। पुलिस को ये हजम नहीं हो रहा कि जब गाड़ी जाने की आवाज सुन ली थी तो तुरंत बाहर क्यों नहीं आया? क्योंकि चैकीदार के मुताबिक उसे ये पता ही नहीं है कि वेयर हाउस से निकलकर गाड़ी किस तरफ गई।

**इनका कहना है...**

जांच चल रही है। हमने इसके लिए टीम बनाई है जल्दी ही दाषियों को पकड़ा जाएगा।

वीरेन्द्र धाकड़, टीआई सिटी कोतवाली

# सास को घर से निकालने वाली बहु पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

## कोतवाली थानाक्षेत्र के गांव खजूरी का मामला

**राजगढ़।** बुजुर्गों के साथ उनके ही स्वजनों द्वारा अभद्र व्यवहार, मारपीट आदि करने के मामले जिले में नए नहीं है। अब ऐसे मामलों में पीड़ित बुजुर्गों की शिकायत पर पुलिस संबंधित आरोपियों पर तत्काल कार्यवाहियां भी कर रही हैं। ऐसे ही एक मामले में 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला को परेशान करते हुए घर से निकालने वाली बहु पर कोतवाली पुलिस ने अभिभावक एवं वरिष्ठ नागरिक देखभाल अधिनियम सहित बीएनएस की अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।




### क्या है पूरा मामला

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खजूरी गांव निवासी गंगाबाई साहू को उनकी छोटी बहु कविता साहू द्वारा अक्सर परेशान करते हुए गाली-गलौच यहां तक की मारपीट भी की जा रही थी। बीते मंगलवार इतना झगड़ा हुआ कि बहु कविता ने सास को घर से ही निकाल दिया। अपनी ही बहु द्वारा लगातार दी जा रही प्रताड़ना से तंग आकर आखिरकार गंगाबाई ने पुलिस से गुहार लगाई।

### कार की टक्कर में ऑटो चालक घायल

स्थानीय बाईपास पर संस्कृति होटल के नजदीक मंगलवार देर रात्रि कार चालक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में ऑटो चला रहे राजू पिता प्रभुलाल मेवाड़े को गंभीर चोटें आई। हादसे के बाद घायल राजू को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। कोतवाली पुलिस ने कार चालक पर मामला दर्ज किया है।

## नीतू मारू को मिली रसायन विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि



**ब्यावरा।** मध्यांचल प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, भोपाल की शोधार्थी नीतू मुकेश कुमार मारू को रसायन विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य "कुछ प्रतिस्थापित कार्बाजोल यौगिकों के एन-मैनीच क्षारकों का संश्लेषण" विषय पर सफलतापूर्वक पूर्ण किया, जिसे विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण एवं उपयोगी माना गया। विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नीतू मारू की शोध मौखिक परीक्षा दिनांक 15 नवंबर 2025 को विश्वविद्यालय के आंतरिक एवं बाह्य परीक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुई। परीक्षा समिति ने उनके शोध कार्य का गहन मूल्यांकन करते हुए उसे पूर्णतः संतोषजनक तथा डॉक्टरेट उपाधि प्रदान करने योग्य पाया। इसके पश्चात उन्हें विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी संकाय के अंतर्गत रसायन विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि हेतु पात्र घोषित किया गया। उक्त शोध कार्य डॉ. विक्रांत जैन के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति के आदेशानुसार जारी यह अधिसूचना डॉक्टरेट उपाधि के रूप में पूर्ण रूप से मान्य मानी जाएगी। इस शैक्षणिक उपलब्धि पर विश्वविद्यालय प्रशासन, शोध निदेशक, विभागाध्यक्ष, शोध मार्गदर्शक डॉ. विक्रांत जैन, एमटीएम विद्यालय के संचालक डॉ. मुकेश कुमार मारू, शिक्षाविद डॉ. सुनीति राजपूत, क्षिप्रा विद्यालय की प्राचार्या नवलखा सहित समस्त शिक्षकों, सहयोगियों एवं शुभचिंतकों ने नीतू मारू को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल शैक्षणिक, शोध एवं व्यावसायिक भविष्य की मंगलकामनाए प्रेषित की हैं।

# जिला एवं सिविल अस्पताल सारंगपुर को जल्द मिलेंगी डायलिसिस मशीन

## सफल हुए सिविल सर्जन और मंत्री टेटवाल के प्रयास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-सारंगपुर

क्षेत्र के किडनी रोग से पीड़ित मरीजों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल एवं जिला अस्पताल में सिविल सर्जन के लगातार प्रयासों के चलते के शीघ्र ही डायलिसिस मशीन मिलेंगी जिससे किडनी मरीजों को लाभ मिलेगा। इस संबंध में संबंधित विभाग को आवेदन प्रस्तुत कर आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में बढ़ती मरीजों की संख एव सारंगपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसे मरीज हैं, जिन्हें डायलिसिस के लिए राजगढ़, शाजापुर, उज्जैन अथवा अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने स्वास्थ्य विभाग के समक्ष प्रस्ताव रखते हुए सारंगपुर सिविल अस्पताल में डायलिसिस मशीन उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए। डॉ. टेटवाल ने कहा कि क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। इस सुविधा के प्रारंभ होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है और लोगों ने राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल के प्रयासों की सराहना की है।

### अधिकारियों के प्रयास हुए सफल

वरिष्ठ संयुक्त संचालक को नवंबर में सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा द्वारा एक पत्र लिखकर जिले में बढ रहे किडनी मरीजों की संख्या को ध्यान में रखकर 05 डायलिसिस मशीन की मांग की गई थी। जिसमें बताया गया था कि मरीजों को कई दिन तक इंतजार करना पड़ता है जिसके कारण है। एचसीव्ही एवं एचबीएसएजी के मरीजो के लिए एक अलग डायलिसिस मशीन की आवश्यकता है।

## जिला पंचायत सीईओ ने किया निरीक्षण

# अनुपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों का काटा वेतन



**खिलचीपुर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने गतदिवस जनपद पंचायत खिलचीपुर में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय जनपद पंचायत खिलचीपुर की उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया गया, जिसमें से 6 लोग उपस्थित पाए गए एवं शेष अनुपस्थित अधिकारी कर्मचारियों के आधे दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये। तत्पश्चात डॉ. गढ़पाले द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय कुवरजी की बडली जैतपुराकलॉ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक शिक्षक उपस्थित पाया गया तथा एक शिक्षक देरी से विद्यालय में उपस्थित हुए, आंगनवाडी ठीक से नहीं पाई गई, जिस पर महिला बाल विकास विभाग को आंगनवाडी ठीक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सीईओं जिलापंचायत ने आंगनवाडी में आशाकार्यकर्ता से जानकारी ली गई। जिसमें 102 महिलाएं गर्भवती दर्ज पाई गई। जिनको प्रसव हेतु माचलपुर, जीरापुर एवं राजस्थान जाना पडता है, को देखते हुए मौके पर ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तीन दिवस में पर्याप्त व्यवस्था करने एवं अधिकारी एवं कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान ग्राम गोघटपुर विद्यालय का मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा लक्ष्मीबाई स्व-सहायता समुह मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण किया गया, जिसमें दिन के मीनू अनुसार खीर, पुडी, सब्जी, पाया गया एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने विद्यालय के बच्चो के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन किया। गोघटपुर हाईस्कूल में 10 वी कक्षा के बच्चों से पढाई की जानकारी ली एवं बच्चो को परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु सुझाव व पढाई की तकनीक बताई। तत्पश्चात मठ मंदिर गोघटपुर के पास जल संरचना स्टापडेम व गेबियन सरंचना बनाये जाने हेतु सहायक यंत्री को निर्देशित किया।

## यातायात पुलिस ने वाहन चालकों के काटे चालान



**कुरावर।** नगर में एंजल्स एवं केडीपीएस निजी विद्यालयों द्वारा आयोजित फेरवेल कार्यक्रमों के दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करना छात्रों एवं वाहन चालकों को महंगा पड़ गया। मामला जिला प्रशासन के संज्ञान में आते ही यातायात पुलिस ने कुरावर पहुंचकर कार्रवाई की और फेरवेल जुलूस में शामिल वाहनों पर चालानी कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार सोमवार एवं मंगलवार को नगर के नेशनल हाइवे पर स्थित एंजल्स एवं केडीपीएस निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा फेयरवेल कार्यक्रम के अवसर पर नगर से विद्यालय तक मुख्य मार्ग पर करीब एक किलोमीटर लंबा जुलूस निकाला गया। इस दौरान कई छात्र तेज गति से चलती कारों की खिड़कियों से बाहर लटकते हुए, वाहन के गेट पर बैठकर सेल्फी लेते हुए तथा शोर-शराबा करते नजर आए। नेशनल हाइवे जैसे अत्यधिक व्यस्त मार्ग पर इस प्रकार का कृत्य न केवल छात्रों की जान के लिए जोखिमपूर्ण था, बल्कि आम नागरिकों और राहगीरों के लिए भी परेशानी का कारण बना।

## एमडी ड्रग्स निर्माण का भंडाफोड़

# माचलपुर पुलिस व राजस्थान पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**ब्यावरा।** थाना माचलपुर पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान राजस्थान के जिला झालावाड़ की विशेष टीम से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम गोघटपुर में मादक पदार्थ (एमडी ड्रग्स) निर्माण से संबंधित बड़ी कार्यवाही की गई। प्राप्त सूचना के अनुसार थाना झालरापाटन जिला झालावाड़ (राजस्थान) के अपराध क्रमांक 31/26 धारा 30 एनडीपीएस एक्ट में वांछित आरोपी रघुनंदन पिता गोवर्धन पाटीदार निवासी ग्राम गोघटपुर थाना माचलपुर द्वारा अपने निवास स्थान पर अवैध रूप से एमडी ड्रग्स निर्माण की फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। सूचना की तात्कालिकता एवं आरोपी द्वारा साक्ष्य नष्ट किए जाने की पूर्ण संभावना को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में विधिसम्मत पंचनामा कार्यवाही कर आरोपी के निवास स्थान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान एमडी ड्रग्स निर्माण में प्रयुक्त रॉ मटेरियल एवं उपकरण बरामद किए गए। आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

### जब्त मशरूका का विवरण

मेलाटोनिन के 04 पैकेट, कुल वजन 4 किलो 810 ग्राम, प्रोपेनॉल रिएजेंट के 02 डिब्बे सीलबंद (2-त्तवचंदवस) दृ 490 ग्राम व 360 ग्राम, मेथेनोल के रिएजेंट के 02 डिब्बे सीलबंद (डमजींदवस) दृ 470 ग्राम व 220 ग्राम, नीला प्लास्टिक कंटेनर, सफेद केमिकल पाउडर सहित, वजन 4.810 किलोग्राम, नीला प्लास्टिक कंटेनर, सफेद केमिकल पाउडर सहित, वजन 5.380 किलोग्राम, नीला प्लास्टिक कंटेनर, सफेद केमिकल पाउडर सहित, वजन 17.695 किलोग्राम, स्टील/प्लास्टिक मिश्रित कंटेनर, सफेद केमिकल पाउडर सहित, वजन 7.950 किलोग्राम, सफेद प्लास्टिक पॉलिथिन में भरा सफेद केमिकल पाउडर 910 ग्राम। उपरोक्त केमिकल पाउडर का कुल वजन 43.095 किलोग्राम व अन्य सामग्री संपूर्ण कार्यवाही की वीडियोग्राफी कराई गई तथा जप्त मशरूका को विधिवत सीलबंद कर मालखाने में सुरक्षित रखा गया।

# मॉडल स्कूल के छात्रों ने विदाई समारोह से पहले मचाया हुड़दंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶खुजनेर



नगर में शासकीय मॉडल स्कूल मंगलवार को दिनभर सुर्खियों में रहा। छात्रों ने अनुशासन की जमकर धज्जियां उड़ाई। विदाई का जश्न ऐसा मनाया कि पुलिस द्वारा छात्रों को थाने ले जाया गया जमकर हुड़दंग मचाया गया। सूत्रों के अनुसार विदाई समारोह में छात्र स्कूल पहुंच रहे थे लेकिन छात्रों ने बिना किसी खौफ के विदाई समारोह से पहले एक जगह ट्रैक्टर फोर व्हीलर बुलेट के साथ एकत्रित हुए जमकर स्टैंड बनाया आम जनों की शिकायत के बाद पुलिस मौके पर पहुंची टैक्टरो को थाने लाया गया छात्रों को समझाइश के बाद स्कूल भेजा गया लेकिन उधर आनन फानन में माडल स्कूल के समीप कार व एक छात्र की बुलेट की भयानक भिड़ंत हो गई जिसके बाद घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक उपचार कराया गया। गनीमत रही किसी को कोई ज्यादा चोट नहीं लगी। सूत्रों के अनुसार बताया कि स्कूलों की छुट्टी के बाद छात्र सड़क पर तेज रफ्तार बाइके दौड़ाते है पुलिस प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

**इनका कहना है**

कुछ स्कूली छात्र थे जिनके विरुद्ध चलानी कार्यवाही की गई। इनके पैरंट्स को बुलाकर समझाइश दी गई। आगे से कोई भी इस तरह घटना की जाए तो सख्त कार्यवाही की जाएगी

विकास राठौर, थाना प्रभारी खुजनेर

## 2 लोगों पर कार्रवाई, मुख्य ठेकेदार फरार

# पार्किंग में मनमानी वसूली पर प्रशासन सख्त

**सारंगपुर।** भैंसवा माता मेले में पार्किंग के नाम पर श्रद्धालुओं से मनमानी वसूली के मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। मामले को लेकर सामने आई शिकायतों और प्रकाशित खबर के बाद तहसीलदार आकाश शर्मा ने कार्रवाई करते हुए 2 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि मुख्य ठेकेदार फरार बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मेले में प्रशासन द्वारा दोपहिया वाहनों के लिए 10 रुपए तथा चारपहिया वाहनों के लिए 20 रुपए पार्किंग शुल्क निर्धारित किया गया था। इसके बावजूद ठेके से जुड़े लोगों द्वारा श्रद्धालुओं से निर्धारित शुल्क से कई गुना अधिक राशि वसूली जा रही थी। श्रद्धालुओं द्वारा लगातार शिकायत किए जाने के बाद मामला सामने आया।प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई, जिसमें अनियमितता की पुष्टि होने पर तहसीलदार आकाश शर्मा के निर्देशन में कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं इस पूरे मामले में मुख्य ठेकेदार की तलाश जारी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए किसी भी प्रकार की अवैध वसूली या नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि दोषियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

खबर का असर


प्रशासनिक आदेशों की उड़ाई धज्जियां

भैंसवा माता मेले में पार्किंग के नाम पर श्रद्धालुओं से मनमानी वसूली

# कैंसर के खतरे को कई गुना बढ़ा देते हैं सिगरेट और तंबाखू, जागरूक किया

## विश्व कैंसर दिवस पर आयोजित हुए शिविर व कार्यशालाएं



**राजगढ़।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर बुधवार को जिले भर में कईं स्थानों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में करीब 1200 से अधिक लोगों ने अपनी जांच करवाई। शिविरों के माध्यम से न केवल कैंसर संभावित मरीजों की पहचान की गई बल्कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को इस गंभीर बीमारी के प्रति जागरुक भी किया गया।

यह शिविर जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों, सिविल अस्पतालों और जिला अस्पताल में लगाए गए थे। इन शिविरों में बड़ी संख्या में लोग अपनी जांच करवाने पहुंचे। प्रभारी डीपीएम सुनील वर्मा ने बताया कि इस दौरान विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच भी की गई। मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने समय पर जांच के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि कैंसर जैसी बीमारी का यदि प्रथम चरण में पता चल जाए, तो इसका सफल उपचार पूरी तरह संभव है। विशेषकर महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल और स्तन कैंसर की समय रहते पहचान होने पर उनकी जान बचाई जा सकती है।

### कैंसर के खतरों से भी किया आगाह

जिला अस्पताल में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में चिकित्सकों सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने आमजन को कैंसर के खतरों से आगाह किया। कैंसर नोडल अधिकारी डॉ. आर.के. कठेरिया ने बताया कि गलत जीवनशैली कैंसर का बड़ा कारण है। उन्होंने कहा कि शराब, सिगरेट और तंबाकू का सेवन कैंसर के खतरे को कई गुना बढ़ा देते है। शरीर में किसी भी असामान्य गांठ या परिवर्तन को नजर अंदाज न करें।

## आगामी त्योहारों को लेकर थाना परिसर नरसिंहगढ़ में शांति समिति की बैठक आयोजित



**नरसिंहगढ़।** आगामी महाशिवरात्रि मेला एवं पर्व को लेकर थाना परिसर नरसिंहगढ़ में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम सुशील कुमार, एसडीओपी नेहा गौर, थाना प्रभारी एस.एस. चैहान सहित गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो रहे महाशिवरात्रि मेले तथा 15 फरवरी 2026 को मनाए जाने वाले महाशिवरात्रि पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे। श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन हो सके, इसके लिए पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम सक्रिय रहेगी। असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा पूरे मेला परिसर को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखा जाएगा। यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिए भी विशेष व्यवस्था की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन ने नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से पर्व मनाने का आग्रह किया है।

## क्षेत्र के तापमान में लगातार हो रहा बदलाव

# फिर हाड़ कंपा रही सर्द हवाएं दोपहर 12 बजे तक कोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



शीतलहर और ठंड से परेशान लोगों को सर्दी के सितम से राहत मिलने की उम्मीद फिलहाल नजर नहीं आ रही है। बीते तीन दिनों से दिन के साथ रात में भी चल रही सर्द हवाओं ने लोगों को परेशान कर रखा है। शीतलहर के साथ ही दोपहर पर छाए रहने वाले घने कोहरे से भी जनजीवन काफी प्रभावित हो रहा है।

बुधवार दोपहर करीब 12 बजे तक क्षेत्र में धुंध छाई रही। सिर्फ तीन घंटे तक ही सूर्यदेव आसमान में नजर आए और शाम 4 बजे बाद वापस से क्षेत्र कोहरे की आगोश में छाया नजर आया। मौसम के जानकारों आगामी 3-4 दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहने का अनुमान जताया है। उधर, अचानक बदले मौसम के चलते लोग फिर से गर्म कपड़ों और अलाव के जरिए अपने सर्दी से बचाते नजर आ रहे हैं। गत 2 फरवरी को जिले का न्यूनतम तापमान 13.0 डिग्री रिकार्ड किया गया था जो तीन दिनों में लुढ़कते हुए बुधवार को 8.8 डिग्री दर्ज किया गया।

### दिन में भी जलते नजर आए अलाव

शीतलहर और सर्दी का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग दिन में भी अलाव का सहारा लेते दिखे। इसके साथ ही घने कोहरे के चलते दोपहर तक वाहन चालक हेडलाईटों को ऑन करके चल रहे हैं।

**बीते एक हफ्ते में जिले का न्यूनतम तापमान**

(तापमान डिग्री/सेल्सियस में)

| | |
|---|---|
| 04 फरवरी | 8.8 |
| 03 फरवरी | 11.0 |
| 02 फरवरी | 13.0 |
| 01 फरवरी | 9.6 |
| 31 जनवरी | 10.0 |
| 30 जनवरी | 3.0 |
| 29 जनवरी | 8.4 |